आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 04.06.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- सेतु आयोग की ओर से देहरादून में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में विकसित राज्यों की अहमियत और संसाधन चुनौतियों पर जोर दिया गया।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ऊधमसिंह नगर जिले के ग्राम बागवाला, भगवानपुर और किरतपुर में गोष्ठियों का आयोजन।
- चम्पावत जिले के देवीधुरा क्षेत्र में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए ''डबल खुशियों की सवारी'' विशेष एंबुलेंस सेवा शुरु।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में पर्वतीय जिलों के अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई।

**क्षेत्रीय सम्मेलन**

सेतु आयोग ने देहरादून में नीति आयोग के राज्य सहायता मिशन के तहत क्षेत्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया। इसमें देश के 10 राज्यों के प्रतिनिधियों और राज्य योजना व परिवर्तन आयोगों के अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्यों की नीतियों को मजबूत बनाने, नीति निर्माण में डेटा आधारित निर्णयों को अपनाने और नई रणनीतियों के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि डॉ. विजय सारस्वत ने कहा कि विकसित भारत का सपना, विकसित राज्यों से ही साकार होगा। उन्होंने राज्यों की जरूरतों के अनुसार नीति बनाने और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों से निपटने की आवश्यकता बताई।

सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने राज्य की जीडीपी बढ़ाने में कौशल विकास, तकनीक और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने डेटा आधारित जिला योजना को सशक्त उत्तराखंड के लिए जरूरी बताया और सेतु आयोग से इसे प्राथमिकता देने की अपील की।
सम्मेलन में नीति आयोग और उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधियों के साथ तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें डिजिटल बदलाव, बेहतर गवर्नेंस और कल्याणकारी योजनाओं में समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विभिन्न राज्यों के अधिकारियों के बीच आपसी संवाद से साझा समस्याओं के समाधान के तरीके सामने आए।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान**

केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ऊधमसिंह नगर जिले के ग्राम बागवाला, भगवानपुर और किरतपुर में गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने कृषि की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र, काशीपुर के प्राध्यापक डॉ. अनिल सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि की नवीनतम तकनीकों को प्रयोगशाला से किसानों के भूमि तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बागवाला में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ संवाद किया। इस दौरान किसानों की समस्याओं के अलावा योजनाओं से संबंधित सुझाव भी किसानों ने साझा किए, जिन्हें सरकार को प्रेषित किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री / योग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष योग दिवस के प्रति लोगों में उत्साह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों का योगांध्र–2025 सराहनीय प्रयास है। प्रधानमंत्री ने लोगों से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित अंग बनाने का आह्वान किया। श्री मोदी ने 21 जून को आंध्र प्रदेश में योग दिवस मनाने के लिए उत्सुकता प्रकट की है।

**डबल खुशियों की सवारी**

चम्पावत जिले के देवीधुरा क्षेत्र में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए ''डबल खुशियों की सवारी'' नाम से एक विशेष एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की गई है। यह सेवा गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को समय पर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को पनिया, देवीधुरा और पाटी के मॉडल डिलीवरी केंद्रों तक पहुंचाना, प्रसव के बाद मां और नवजात को सुरक्षित रूप से घर लौटाना, तथा शून्य से 28 दिन तक के उच्च जोखिम वाले नवजातों को जिले के भीतर उपयुक्त स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना इसका मुख्य उद्देश्य है। यह सेवा उस समय सक्रिय रहेगी, जब 108 आपातकालीन सेवा उपलब्ध नहीं हो सकेगी। इस विशेष एंबुलेंस की सहायता के लिए आमजन 9 1 0 5 1 0 8 1 0 2 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रसव के बाद, यह सेवा देवीधुरा और पनिया डिलीवरी केंद्रों से मां और नवजात को प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक घर लौटाने की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। हालांकि, यदि इस सेवा का उपयोग अन्य आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया जाता है, तो सात रुपये प्रति किलोमीटर की दर से शुल्क लिया जाएगा।

**मौसम**

मौसम विभाग ने प्रदेश में पर्वतीय जिलों के अनेक स्थानों में और मैदानी जिलों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और वर्षा के तीव्र दौर के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से झोकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच, राजधानी देहरादून में बादल छाए रहने के साथ ही रुक–रुक कर बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

**आपदा तैयारी बागे�वर**

मानसून सीजन के मद्देनजर बागेश्वर जिले में आपदा से निपटने की तैयारियाँ तेज़ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में भारतीय रेड क्रॉस समिति, बागेश्वर की ओर से कपकोट और गरुड़ विकासखंडों के लिए राहत सामग्री की एक विशेष खेप रवाना की गई। समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने हरी झंडी दिखाकर राहत सामग्री से भरे वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि समिति, हर वर्ष आपदा के समय त्वरित राहत कार्यों को करती आ रही है। इस बार भी मानसून पूर्व सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। रेड क्रास समिति, बागेश्वर का यह प्रयास न केवल तत्परता को दर्शाता है, बल्कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उसकी मानवीय प्रतिबद्धता का भी एक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कल विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में पिथौरागढ़ जिले के सभी मतदान केंद्रों, तहसील कार्यालयों और जिला मुख्यालयों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान कल से शुरू होकर हरेला पर्व तक जारी रहेगा।

इस पहल को और भी खास बनाते हुए जिला प्रशासन ने वृक्षारोपण कार्यक्रमों को मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया है। इस वर्ष की थीम– ''वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण की समाप्ति'' और ''बारिश की हर एक बूंद एवं प्रत्येक वोट अमूल्य है'' के अनुरूप ज़िले में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

अभियान के तहत फलदार पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिलाधिकारी ने वन, उद्यान और कृषि विभाग को निर्देशित किया है कि जलस्रोतों के समीप वृक्षारोपण करें, जबकि नगर निगम को कूड़ा निस्तारण और सफाई अभियानों को गति देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, आदि कैलाश, पंचाचुली और खालिया टॉप जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक मुक्त अभियान और हस्ताक्षर अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जनभागीदारी से और भी सशक्त बनाया जा सके।

**समीक्षा**

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। समीक्षा के दौरान ताकुला ब्लॉक के बिजोरिया स्वास्थ्य उपकेंद्र में पब्लिक हेल्थ यूनिट, जिला अस्पताल में आई.पी.एच.एल लैब, लमगड़ा में चिकित्सकों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल और मेडिकल कॉलेज में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, और इसके लिए सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें।

**शुभारम्भ**

उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय खेल परिषद के उपाध्यक्ष हेमराज बिष्ट ने पिथौरागढ़ के सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण शिविरों का शुभारंभ किया। जिले में खेल विभाग द्वारा इस वर्ष 12 केंद्रों में 28 खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।